विद्युत विभाग में निजीकरण के विरोध में कर्मचारियो ने निकाली रैली

गंगापुर सिटी । विद्युत निगम में कार्यरत तकनीकी और अन्य कर्मचारियों ने विभाग में निजीकरण के विरोध और ओपीएस लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर सालौदा स्थित निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना दिया। कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट में भी नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सुबह करीब साढे 9 बजे गंगापुर सिटी मुख्यालय सहित जिले के अन्य उपखंडों बामनवास, वजीरपुर, टोडाभीम और नादौती के कनिष्ठ अभियंता सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सालौदा स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में एकत्रित हुए और यहां निगम कार्यालय में सभी ने विद्युत निगम में निजीकरण के विरोध के साथ ओपीएस लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही अधीक्षण अभियंता बीएल मीणा को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सभी नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में एसई कार्यालय से कलेक्ट्रेट पहुंचे और निजीकरण के विरोध और ओपीएस लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन सौंपा। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन जितेंद्र मावई, राजस्थान विद्युत मंत्रालयिक कर्मचारी संघ तरुण गुप्ता, पावर इंजीनियरिंग एसोसिएशन भूपेश शर्मा, लेखा संघ पवन कुमार मित्तल, राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा के अलावा एआरओ मोहित, कनिष्ठ अभियंता सतीश मीणा ने बताया कि विभिन्न कामों के नाम पर निगम में लगातार निजीकरण बढता जा रहा है। निजीकरण का कार्मिक लंबे समय से विरोध करते आ रहे हैं। निगम में बढते निजीकरण के कारण कार्मिकों को परेशानियों का भी सामना करना पड रहा है। वितरण के क्षेत्र में तीनों डिस्कॉम में वर्तमान में अधिकतर कार्य आउटसोर्स, एफआरटी, ठेके और सीएलआरसी आदि नामों से निजी भागीदारी द्वारा करवाएं जा रहे हैं। अब एचएएम मॉडल के तहत फीडर सेग्रिगेशन और सोलराइजेशन के नाम पर आउटसोर्स कर निजी हाथों में दिया जा रहा है। जिससे राज्य और देश की सामरिक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। इतना ही नहीं सब स्टेशन से प्राप्त होने वाली आय को इस मॉडल के माध्यम से निजी भागीदारों को बांटकर प्रसारण को भी हानि का निगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर कार्मिकों ने विभाग में बढते निजीकरण को रोकने, विद्युत ग्रिड के संचालक को ठेके पर नहीं देने, प्रदेश की पांचों विद्युत वितरण निगम में कार्यरत कार्मिकों को ओपीएस की सुविधा का लाभ दिलाने, स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, निगम में अलग-अलग विभागों में स्थाई अधिकारी-कर्मचारियों की भर्ती करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की।

निजीकरण के विरोध में रैली निकालते बिजली कर्मचारी ।

- विद्युत निगम में कार्यरत तकनीकी और अन्य कर्मचारियों ने विभाग में निजीकरण के विरोध और ओपीएस लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर सालौदा स्थित निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना दिया

किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम सोंपा ज्ञापन

बयाना भरतपुर (निस)। बयाना में कृषि उपज मंडी समिति परिसर क्षेत्र में अनाज मंडी के पीछे स्थित जीर्ण शीर्ण किसान भवन की मरम्मत या उसे डिस्मेंटल कर फिर से नया बनवाने की मांग करते हुए किसान यूनियन ने संबंधित अधिकारियों पर अपने चहेतों के लाभ के लिए उसे खुर्द करने के प्रयास करने के भी आरोप लगाए हैं और यूनियन की ओर से आंदोलन की भी चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र कंसाना के नेतृत्व में बयाना के एसडीएम दीपक मित्तल को मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन सौंप कर बताया है कि यह किसान भवन अनाज मंडी में अनाज बेचने आने वाले किसानों व मजदूरों के ठहरने और विश्राम आदि सुविधाओं के लिए बनाया गया था किंतु अब संबंधित विभाग के कुछ संबंधित अधिकारी अपने चाहतों को लाभ पहुंचाने और अपने निजी लाभों के लिए इस भवन को खुर्द बुर्द करने के प्रयास में लगे हुए हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर ऐसा किया गया तो यूनियन की ओर से धरना प्रदर्शन व किसान आंदोलन किया जाएगा। आपको बता दें कस्बे के बीचों बीच व अनाज मंडी से सटा हुआ यह विशाल किसान भवन करीब 15 वर्ग का क्षेत्र में बना हुआ बताया है।

निजीकरण के विरोध मे प्रदर्शन किया

करौली (नि.स.)। विद्युत निगम में कार्यरत अभियंता,तकनीकी कर्मी और मंत्रालयिक कार्मिकों ने विभाग में बढते निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है। विधुत निगम के कार्मिकों ने अधि'ाषी अभियंता कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना और विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर सरकार से बिजली निगम में निजीकरण रोकने कि मांग करते हुए सरकार से जल्द मांगों पर अमल नहीं करने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है।राजस्थान विद्युत कर्मचारी एसोसिए'ान के जिला अध्यक्ष रामरूप नि'ाना ने बताया कि विभिन्न कामों के नाम पर निगम में लगातार निजीकरण बढता जा रहा है। निजीकरण का कार्मिक लंबे समय से विरोध करते आ रहे हैं। निगम में बढते निजीकरण के कारण कार्मिकों को परेशानियों का भी सामना पड रहा है। निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को विद्युत निगम कार्मिकों ने विरोध प्रदर्शन किया कार्मिकों ने निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कार्मिक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। रैली के दौरान कार्मिक नारेबाजी करते और हाथों में विभिन्न मांगों कि तख्तियां थामे चले थे। विरोध प्रदर्शन कर कार्मिकों ने विभाग में बढते निजीकरण को रोकने, विद्युत ग्रिड के संचालक को ठेके पर नहीं देने, प्रदेश कि पांचों विद्युत वितरण निगम में कार्यरत कार्मिकों को ओपीएस की सुविधा का लाभ दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्मिकों ने इस दौरान राज्य सरकार पर मांगों की अनदेखी के भी आरोप लगाए हैं।

पीएम के नाम सौपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे लगातार अत्याचार, मंदिरों को तोडने व अपवित्र करने के बाद अब इस्कॉन को प्रतिबंधित कर गलत बयानबाजी को लेकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट ीय विचार मंच के राहुल गोयल ने प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट ीय विचार मंच के राष्ट ीय महामंत्री प्रशासन हिंदू रन राहुल गोयल ने नेतृत्व करते हुए कहा कि बांग्लादेश ने इस्कॉन पर नहीं बल्कि हिंदुत्व पर आघात किया है जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गोयल ने कहा कि बांग्लादेश इस्लामिक जेहाद की ओर पाकिस्तान की तरह तेजी से बढ रहा है। मंच की ओर से पूरे भारत के तमाम हिंदू रत्न सरकार से तुरंत संज्ञान लेने की प्रार्थना करते हैं। राहुल गोयल ने कहा कि इस्कॉन के संत स्वामी चिन्मय दास को गिरफ्तार किया है।

उपजिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न

करौली (नि.स.)। जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, सेवाप्रदाताओं, धर्मगुरुओ एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ पंचायत समिति सभागार सपोटरा में उप जिला मजिस्ट्रेट बाबूलाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि जिलें में आगामी दिनों में होने वाले विवाह आयोजनों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त करौली अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला, ब्लॉक, पंचायत एवं गाँव स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अब तक जिलें में 19800 से अधिक लोगों तक बाल विवाह की रोकथाम को लेकर पहुंच बनाई गई। ओर बाल विवाह के खिलाफ 5685 लोगों से संकल्प पत्र भरवाये गये। इसी के संबंध में आज ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया किया गया। जिसमें उपजिला मजिस्ट्रेट बाबूलाल ने बताया है कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 27 नवम्बर को किया गया है। जिसमें हम सभी देशवासियों की जिम्मेदारी है कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने अपने स्तर पर बाल विवाह के खिलाफ कार्य करे ओर आमजन को जागरूक करें ताकि बाल विवाह जैसी कुप्रथा से बच्चों के भविष्य को बर्बाद होने से बचाया जा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी रामराज बैरवा ने बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जोर दिया ओर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के साथ बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। पीएलवी ने बाल विवाह की शिकायत जिला कंट्रोल रूम एवं चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर पर देने हेतु प्रेरित किया। उन्होने बताया कि आयोजित होने वालें विवाह आयोजनों में बाल विवाह नही हो इसके लिए बाल विवाह मुक्त करौली अभियान में सभी नागरिकों को अपनी भागीदारी निभाकर बाल विवाह की रोकथाम करना चाहिए ।

विश्वविद्यालय हुआ पीएचडी ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजन

भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय में पीएचडी के नवप्रवेशित शोधार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में किया गया। जिसका शुभारम्भ मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो जेपी शर्मा, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना, मध्य प्रदेश व वीरबहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, यूपी के पूर्व कुलपति प्रो एनसी गौतम, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान के प्रो एनके शर्मा और महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरूण कुमार पाण्डेय के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष पुष्प् अर्पित कर एवं सरस्वती वंदना और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ किया गया। यह पहला अवसर था जब विश्वविद्यालय में पीएचडी के नवप्रवेशित शोधार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसका उद्देश्य शोधार्थियों को शोध कार्य हेतु जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में प्रो एनसी गौतम का स्वागत विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरूण कुमार पाण्डेय के द्वारा पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं शॉल देकर किया गया और प्रो जेपी शर्मा का स्वागत विश्वविद्यालय के सहा कुल सचिव डॉ फरबट सिंह के द्वारा किया गया। प्रो एनके शर्मा का स्वागत विश्वविद्यालय के सहा कुलसचिव प्रशान्त कुमार सिंह के द्वारा कियागया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रमेश चन्द्रा कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुडकर पीएचडी के नवप्रवेशित शोधार्थियों का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत व ओरिएंटेशन कार्यक्रम की बधाई दी। उन्होंने शोध के दौरान शोधार्थियों को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया और उन्होंने कहा कि शोध करने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है।

मितभाष शर्मा का आईईएस में चयन

भरतपुर (निस)। नदबई तहसील के गांव केसरा हाल निवासी खेडली जिला अलवर के रहने वाले मितभाष शर्मा 23 वर्ष पुत्र केशव देव शर्मा ने अखिल भारतीय इंजीनियरिंग सेवा में सफलता हासिल कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मितभाष के मौसा आशुतोष पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपीएससी की आईईएस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 45वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने बताया कि मितभाष ने यह सफलता पहले ही प्रयास में हासिल की है। मितभाष ने 12वीं तक की शिक्षा नदबई से व बीटेक सिविल इंजीनियरिंग में एनआईटी कुरूक्षेत्र से प्राप्त की है। पाराशर ने बताया कि मितभाष के पिता केशव देव राजस्थान शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया

भरतपुर (निस)। अभियांत्रिकी महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रय के अन्तर्गत महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष में आये नव-प्रवेशत विद्यार्थियों के स्वागत स्वरूप फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना कर फ्रेशर पार्टी की शुरूआत की गयी। फ्रेशर पार्टी के कार्यक्रम का संचालन रजनी चौधरी, समन्वयक सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा किया गया एवं डॉ अरूणा पाठक ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कविता, वादन, नृत्य एवं गायन इत्यादि की प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं में कृतिका सोनी, हर्षित कुमार, साक्षी, पलक चाहर, कुमकुम अग्रवाल, तिलक सिंह आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। अन्त में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर मंच का संचालन छात्र प्रकाश, तपस्या, मयंक, शिवानी कुन्तल आदि ने किया। प्रथम वर्ष के छात्र हर्षित कुमार एवं छात्रा साक्षी वर्मा को मिस्टर एण्ड मिस फ्रेशर घोषित किया गया। इस अवसर पर डॉ. नवीन झा, अमित दैया, प्रशांत कुमार बाहेती, धवल व्यास, डॉ आशीष भार्गव, विजय खीचड, डॉ. अरविन्द सिंह चौधरी, अनुपमा शर्मा, सुकन्या शर्मा, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर शर्मा, अजमत खान, ऋषभ शर्मा, देवेन्द्र कुमार, होती लाल, मोहित कटारा आदि लोग मौजूद थे।

अतिरिक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी की अध्यक्षता में भरतपुर शहर में बाजार की गतिविधियों को सुव्यवस्थित रखने तथा आमजन की सुगमता के दृष्टिगत यातायात के प्रभावी नियंत्रण हेतु पूर्व में आयोजित बैठक में प्रदत्त निर्देशों की समीक्षा हेतु शुक्रवार को जिला व्यापार मण्डल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह अध्यक्ष ई-रिक्शा, पुलिस उप अधीक्षक (शहर) भरतपुर, जिला परिवहन अधिकारी भरतपुर, आयुक्त, अधिशाषी अभियंता नगर विकास न्यास, प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लोहागढ/भरतपुर एवं अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य बाजार में भीडभाड को कम करने, अनावश्यक घूमने वाले ई-रिक्शा की संख्या का निर्धारण, रोकथाम, शहर के मुख्य बाजार में ई-रिक्शा के स्टैण्ड व पार्किंग स्थल व कलर कोडिंग तथा आगामी 2-3 दिवस तक ई-रिक्शा के संचालन पर दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक प्रतिबंध तथा शहर में सिटी बसों के संचालन, रोडवेज एवं प्राईवेट बसों का संचालन हीरादास बस स्टैण्ड से गोलपुरा होते हुए किये जाने, मुख्य-मुख्य चौराहों पर रेड लाईट पॉइन्ट सहित सीसीटीवी कैमरा लगवाने व मुख्य बाजार में प्रतिबन्धित भारी वाहनों की रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को उपर्युक्त बिन्दुओं के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर 7 दिवस में पालना किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य बाजार में यातायात प्रबन्ध के मद्देनजर बैठक में उपस्थित अध्यक्ष जिला व्यापार मण्डल संघ एवं अध्यक्ष ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारीगणों द्वारा सहमति से इन सभी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन हेतु आश्वासन एवं सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

प्रतियोगिताएं सम्पन्न

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर में संस्कृत विभाग के अन्तर्गत संस्कृत परिषद् एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में संस्कृत भाषा की विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुईं। अध्यक्षता करते हुए प्रो हरबार सिंह ने कहा कि संस्कृत भारत और भारतीय संस्कृति की आत्मा है, इसके ज्ञान के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि कला संकाय की डीन प्रो इला मिश्रा ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं के मूल में है और जननी स्वरूपा है। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. योगेन्द्र भानु ने कहा वर्तमान युग में संस्कृत ग्रंथों में निहित ज्ञान विज्ञान के प्रचार प्रसार की महती आवश्यकता है। विद्यार्थियों को इस हेतु पूर्ण मनोयोग से सहयोग करना चाहिए।

समृद्ध भारत अभियान की दो दिवसीय राष्ट्रीय कायर्शाला आयोजित

भरतपुर (निस)। समृद्ध भारत अभियान द्वारा समावेशी विकास की कायर्योजना बनाने के लिए आयोजित की गयी दो दिवसीय राष्ट्रीय कायर्शाला शुक्रवार को राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय परिसर में प्रारम्भ हुयी जिसमें मुख्य अतिथि कनेरी मठ के मठाधिपति कड सिद्धेश्वर स्वामी मौजूद रहे और अध्यक्षता बीकानेर के संत शिरोमणि स्वामी विमशार्नन्द ने की। इस कायर्शाला में देशभर से आए संत शिरोमणि कृषि वैज्ञानिक सामाजिक चिंतक और जनप्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

- कायर्शाला में देश के प्रमुख संत, कृषि वैज्ञानिक सामाजिक चिंतक ले रहे भाग हैं

कायर्शाला के शुभारम्भ के अवसर पर कनेरी मठ के मठाधिपति कड सिद्धेश्वर स्वामी ने कहा की आज हमारे देश में कृषि कार्यों में रासायनिक खादों के निरंतर उपयोग की वजह से करीब 30 प्रतिशत भूमि बंजर होती जा रही है और पशुओं की संख्या में भी निरंतर गिरावट आ रही है साथ ही परम्परागत उद्योग धंधे बंद होने के कारण बेरोजगारी की समस्या बढती जा रही है। यदि यही स्थिति रही तो देश में खाद्यान्न संकट पैदा होगा और बेरोजगारी की भीषण समस्या पैदा हो जाएगी इसे रोकने के लिए हमें परम्परागत खेती अथार्त प्राकृतिक खेती पर ध्यान देना होगा और पशुपालन के साथ-साथ कुटीर उद्योगों को भी प्रोत्साहित करना होगा। उन्होनें बताया गया कि जब देश में कुटीर उद्योग कार्यरत थे जब देश की जीडीपी 43 प्रतिशत थी जो आज घटकर 6 से 7 प्रतिशत तक ही रह गयी है। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बीकानेर के संत शिरोमणि विमशार्नन्द महाराज ने कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरू बनाने के लिए जरूरी है कि हमारी प्राचीन व परम्परागत खेती, तकनीकी एवं ज्ञान को विस्तारित किया जाए। जिसके लिए सबको मिलकर कार्य करना होगा क्योंकि अकेली सरकार इस कार्य को नहीं कर पाएगी।

उन्होनें युवाओं से भी आग्रह किया कि वे ऋषि मुनियो द्वारा इजात की गयी पद्धितयों की महत्वता को समझें और उसे अपने जीवन में समावेश करें। कायर्शाला में मोहबा के पूर्व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, पदमश्री अवार्ड प्राप्त सोनीपत हरियाणा के कमल सिंह चौहान, पलवल हरियाणा के आचार्य बृजमणि, महामंडलेश्वर नर्वदा शंकर पुरी, हमीरपुर बुन्देलखंड के आचार्य रविन्द्र, गुडगांवा के ब्रिगेडियर डॉ राजाराम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया और कायर्शाला की उपादेयता पर विस्तार से जानकारी दी।

समृद्ध भारत अभियान द्वारा समावेशी विकास की कायर्योजना बनाने के लिए आयोजित की गयी।

सार-समाचार

दो लाख की सहायता राशि का चैक सौंपा

हिंडौन सिटी । बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखा खेड़ा जमालपुर की ओर से एक लाभार्थी को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये की सहायता राशि का चैक सौंपा। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा खेड़ा जमालपुर के प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव खेड़ा जमालपुर निवासी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत पंजीकृत कमला देवी का गत दिनों एक दुर्घटना के चलते निधन हो गया था। उनके निधन के बाद आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर शुक्रवार को शाखा कार्यालय में उनके पुत्र विक्की महावर को 200000 की सहायता राशि का चेक सोपा गया। इस दौरान शाखा की कैशियर करिश्मा कौशिक एवं बैंक सहायक भगवान सिंह चौधरी भी मौजूद रहे।

योगा ओलंपियार्ड का आयोजन

करौली (नि.स.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेशानुसार अंग्रेजी माध्यम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय,स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों का योगा ओलंपियाड का आयोजन शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में किया गया। योगा ओलंपियाड का शुभारंभ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा ने सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया। ओलंपियाड में चार मॉडल स्कूल करौली, नौदौती, टोडाभीम, मंडरायल,ब्लॉक-सपोटरा,तीन महात्मा गांधी विद्यालय क्यारदा खुर्द,मंडाबरा, नादोती और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मासलपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीडीईओ गोपाल प्रसाद मीणा का प्रधानाचार्य मॉडल स्कूल करौली गोविंद सहाय प्रजापत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर भयसिंह मीना प्रधानाचार्य मॉडल स्कूल टोडाभीम,पुखराज मीणा कार्यक्रम अधिकारी समसा मौजूद रहे। निर्णायक के रूप में उमेर सिंह मीणा,शिवेंद्र दुबे,वेद रतन जैमनी,सुनीता बंसल,पूजा जाट,किरण माली,महेंद्र गौतम, प्रभू दयाल वैरबा,मुकुटबिहारी,अटल भारद्वाज,सोनपाल जाटव उपस्थित रहे। योगा ओलिंपियाड प्रभारी निशा अग्रवाल ने बताया कि जूनियर वर्ग छात्रा प्रथम विजेता मॉडल स्कूल टोडाभीम से अनुष्का परेवा,जूनियर वर्ग छात्रा द्वितीय विजेता मॉडल स्कूल करौली से निधि कुमारी,जूनियर वर्ग छात्र प्रथम विजेता मॉडल स्कूल टोडाभीम से रवि कुमार जांगिड़,जूनियर वर्ग छात्र द्वितीय विजेता मॉडल स्कूल करौली से गजेंद्र जाटव,सीनियर छात्रा प्रथम विजेता मॉडल स्कूल नादौती से निशा मीणा,सीनियर छात्रा द्वितीय विजेता मॉडल स्कूल सपोटरा से कोमल मीणा,सीनियर छात्र वर्ग प्रथम विजेता मॉडल स्कूल सपोटरा से रवि प्रजापत,सीनीयर छात्र द्वितीय विजेता मॉडल स्कूल टोडाभीम से जीतू कुमार बैरवा रहे विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और सर्टिफिकेट दे कर पुरूष्कृत किया गया। ये सभी छात्र आगामी 5 दिसंबर को गंगापुर में आयोजित राज्य स्तरीय योगा ओलम्पियाड में करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे मंच संचालन राजेश कुमार मीणा ने किया।

प्रत्येक तहसील पर हुई मीटिंग

भरतपुर (निस)। तहसील नगर, सीकरी, कामां, पहाडी, व डीग क्षेत्र के गुर्जर समाज के सभी गांवों के लोगों ने लगभग 15 स्थानों पर मीटिंग आयोजित कर अपने समाज को बेहतर बनाने हेतु निम्नांकित बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की है व इनके पालन हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की है। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा मटोल सिंह गुर्जर व्याख्याता सीकरी ने बताया कि किसी भी पुरूष/महिला की मृत्यु होने पर मृत्युभोज व कुल्ला भोज नहीं होगा। मृत्यु उपरांत सबके ऊपर डालने हेतु कोई भी शॉल व लूबडा धोती नहीं लाई जावेगी। बारहवीं में सवा मन आटे का उपयोग हो सकेगा और कोई चिठ्ठी नहीं दी जावेगी, फोन करके पगडी रस्म हेतु सूचना दी जावेगी। कुल्ला करने आने वालों को सिर्फ चाय पानी शिकंजी आदि की ही सेवा होगी। इस अवसर पर कोई समधोरे भी नहीं होंगे। डीजे एवं बाजे के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबन्ध रहेगा। शादी, जन्म दिन, सगाई, बारहवीं अथवा अन्य अवसरों पर शादी वाले घर में दो छोटे बॉक्स लगाकर संगीत सिस्टम से घर परिवार में महिलाओं व बच्चों द्वारा मनोरंजन किया जावेगा। यही व्यवस्था शादी स्थल पर भी की जा सकेगी। भात नौतने पर महिलाएँ जायेंगी, निमंत्रण पत्र न छपवाकर मोबाइल पर निमंत्रण भेजा जावेगा व फोन किया जावेगा, उसी निमंत्रण को सभी मान्यता देंगे। लडकी की शादी में ज्यौनार, माढा, गांव गढा नहीं देंगे, साफे पर प्रतिबंध रहेगा, भात सगाई अथवा अन्य अवसरों पर प्रतिबंध रहेगा। उपरोक्त बिन्दुओं की पूर्णतया पालना होगी। इस हेतु क्षेत्र व तहसीलवार निगरानी समितियां बनेंगी, समिति में जिम्मेदार लोग होंगे जिसमें प्रत्येक गांव का प्रतिनिधित्व हो, बडे गांवों से ज्यादा लोग होंगे। यह जानकारी अठ्ठाईसी के सरपंच राजेन्द्र परमदरा ने दी। इस अवसर पर मटोल सिंह गुर्जर सीकरी, रूपसिंह सुंदरावली, मुरारी प्रधान, लालाराम पीटीआई, रघुवीर सरपंच, चंदन पहलवान, भगवान सिंह, राजेन्द्र सरपंच, सुल्तान सरपंच, राजेन्द्र चौधरी, आनन्द सिंह, भंवर सरपंच, बच्चू पान्हौरी, मेजर केप्टेन राजरौसी, समय सिंह वकील आदि सैकडों लोग उपस्थित थे।

भंडारे का आयोजन

हिंडौन सिटी। महू इब्राहिमपुर कस्बे के जगलाल बजाज जन उपयोगी धर्मशाला में चल रहे भागवत सप्ताह के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने पंगत में प्रसादी पाई। इस अवसर पर देर शाम तक प्रसाद वितरण किया गया। भागवत कथाके समापन पर भागवताचार्य श्याम बिहारी शर्मा द्वारा यज्ञ हवन कराया गया। जिसमें मंत्रोच्चारण के बीच यजमानो ने आहुतियां दी। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत ठाकुरजी को भोग लगाया। जिसके बाद भंडारे में कन्या पूजन कराया।यजमान डॉ पुरषोत्तम लाल बंसल, रमेश चंद बंसल ने हवन रखा आहुतियां दी। भक्तों ने भागवत कथा की प्रसादी ग्रहण की। महू के अलावा आसपास के गांव से भी ग्रामीणों ने भागवत कथा की प्रसादी ग्रहण करने के लिए कथा स्थल पहुंचे। भागवत कथा में प्रतिदिन धार्मिक प्रसंग सुनाए गए। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हुए।

विटामिन-ए कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

भरतपुर (निस)। जिले में 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का अगला चरण शुक्रवार 29 नवंबर से 29 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर ने बताया कि विटामिन ए की कमी के कारण बच्चों पर पडने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से 9 माह से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को प्रतिवर्ष साल में 2 वार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विषेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 29 नवंबर से 29 दिसंबर तक जिले के आंगनबाडी केन्द्रों जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, अरबन पीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर विटामिन ए की दवा पिलाई जायेगी। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मीना ने बताया कि विटामिन ए कार्यक्रम में 9 माह से 12 माह तक एवं विटामिन ए की अतिरिक्त खुराक के लिए 9 माह से 5 वर्ष आयु के 185927 बच्चों को चिन्हित किया गया है। आषा सहयोगिनी, आंगनबाडी कार्यकर्ता दवा पिलाना सुनिश्चित करेगें। चिकित्सा विभाग की एएनएम, आंगनबाडी कार्यकर्ता, ग्राम स्तर पर एलएचवी, बीएचएस, एलएस, आईसीडीएस सैक्टर पर व सीडीपीओ व बीसीएमओ ब्लॉक स्तर पर माइक्रोप्लान बनायेगें।

नाजिमवाला तालाब पर हेरिटेज वॉक

गंगापुर सिटी । भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गंगापुर सिटी एवं इंटैक सवाई माधोपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में शुक्